## महत्वपूर्ण एवं खास



### कन्वेयर बेल्ट में फं सकर मज़दूर की दर्दनाक मौत

**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिले के एनटीपीसी थर्मल पॉवर प्लांट में हादसा हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में उड़ीसा के कुर्रापाली निवासी सोमनाथ भोय को कन्वेयर बेल्ट में फंसकर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक युवक चौधरी कंस्ट्रक्शन के अंतर्गत काम करता था। बता दें कि एनटीपीसी थर्मल पॉवर प्लांट जांजगीर जिले के पुसौर जनपद के ग्राम लारा में स्थापित है।

### आईटीआई रायगढ़ में अखिल भारतीय व्यवसायिक वार्षिक पद्धति के लिए परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 2 मार्च

**रायगढ़।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय व्यवसायिक वार्षिक पद्धति परीक्षा के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। जिसके तहत प्रायोगिक एवं इंजीनियरिंग ड्राईंग की परीक्षा 8 से 12 मार्च 2022 तक संपन्न होगा। परीक्षार्थी परीक्षा फार्म 2 मार्च तक एवं विलम्ब शुल्क सहित 5 मार्च 2022 तक जमा कर सकते है। एनसीव्हीटी प्रवेशित सत्र 2018-19, 2018-20 पूरक एवं शेष, 2019-20, 2019-21 पूरक एवं शेष तथा 2020-21 तथा 2020-22 के प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रशिक्षणार्थी परीक्षा फार्म निर्धारित समय में परीक्षा फार्म भरकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### मछली पकड़ने तालाब में उतरे युवक की डूबने से हुई मौत

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से करीब 06 किमी दूर मांझीगुड़ा डबरी में डूबने से कोटपाल निवासी रमेश हेमला 26 वर्ष निवासी आदेड़ की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मांझीपारा के डबरी में मछली पकडऩे के लिए कुछ लोग तालाब में गये थे, पर उनका एक साथी वापस नही लौट पाया। जिसका शव सुबह पानी मे बाहर आया, कोतवाली प्रभारी शशिकांत भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल पानी मे डूबने से मौत होना पाया गया है।

### नवनियुक्त कुलपति डॉ. चंदेल ने पदभार ग्रहण किया

**रायपुर (आरएनएस)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज यहां पदभार ग्रहण किया। निवृतमान कुलपति डॉ. एस.एस. सेंगर ने डॉ. चंदेल को कार्यभार सौंपा। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति सु अनुसुईया उइके द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1987 (क्रमांक 20 सन् 1987) की धारा 14 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्लान्ट मौलिक्युलर बायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश चंदेल को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति का दायित्व सौंपा गया है। डॉ. चंदेल द्वारा पदभार ग्रहण किये जाने के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव जी.के. निर्माम, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. पी.एल. चन्द्राकर, निदेशक विस्तार डॉ. आर.के. बाजपेयी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. जी.के. वास्तव, सह संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक त्रिपाठी सहित विश्वविद्यालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# चरित्र शंका पर दोस्त के साथ मिलकर पति ने पत्नी को फांसी पर लटकाकर किया हत्या

- हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश रही नाकाम, मर्ग जांच पर हुआ हत्या का खुलासा
- घरघोड़ा पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड

**रायगढ़।** घरघोड़ा थानाक्षेत्र के कसैयाडीपा डाक्टर कालोनी में महिला के मौत के मामले में #घरघोड़ा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर मर्ग जांच में आरोपियों द्वारा महिला की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का खुलासा किया गया है। आरोपी मृतिका का पति सुभाष भगत स्वास्थ्य कर्मी है, जिसने उसकी पत्नी को अन्य युवक द्वारा बदनाम करने से आत्मग्लानि वश फांसी लगाकर आत्महत्या दिखाने की फुलप्रूफ प्लानिंग तैयार कर अपने साथी शंकर साहू के साथ मिलकर पत्नी की हत्या किया था। दोनों आरोपी षडयंत्र कर हत्या करने एवं साक्ष्य छिपाने के अपराध में अब सलाखों के पीछे हैं।

मृतिका अर्चना भगत पति सुभाष भगत उम्र 28 वर्ष साकिन कसैयाडीपा डाक्टर कालोनी घरघोडा की मौत के संबंध में दिनांक 04.02.2022 के सुबह मृतिका के पति सुभाष भगत द्वारा थाना घरघोड़ा में मर्ग इंटिमेशन दर्ज कराया कि अर्चना भगत (मृतिका) से वर्ष 2011 में हुई थी। दोनों के दाम्पत्य जीवन से एक 08 वर्ष का एक पुत्र है। दिनांक 03.02.22 के रात्रि अर्चना बताई कि उसका पूर्व परिचित युवक उसके चरित्र को लेकर बदनाम कर रहा है। इस बात से अर्चना चिंतित थी। सुबह उठकर देखे तो अर्चना सिलिंग पंखा में साडी से फांसी लगाकर लटकी थी। अर्चना, उस युवक के बदनाम करने से आत्मग्लानि होकर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या की है। थाना घरघोड़ा में मर्ग क्रमांक 13/2022 धारा 174 CrPC दर्ज कर जांच में लिया गया।

मृतिका के मायके पक्ष के लोग पोस्टमार्टम के समय मौत पर संदेह व्यक्त किया गया था जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह को सभी पहलूओं पर सूक्ष्मता पूर्वक जांच करने का निर्देश दिया गया जिनके द्वारा मृतिका के वारिशानों एवं मृतिका के घर आसपास रहने वालों को बयान दर्ज किया गया जिसमें पति-पत्नी के बीच मन मुटाव की बात सामने आया जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मृतिका के पति को संदेह पर रखकर कड़ी पूछताछ किया गया। काफी पूछताछ के बाद संदेही मृतिका के पति सुभाष भगत द्वारा उसकी पत्नी के चरित्र शंका को लेकर अपने साथी शंकर साहू के साथ मिलकर उसकी पत्नी की हत्या करना बताया।

आरोपी सुभाष भगत बताया कि दिनांक 03.02.2022 के रात्रि योजना बनाकर अर्चना भगत के गले में साड़ी को फंसाकर अर्चना के पीठ और अपने पीठ को सटा कर फांसी के फंदे को बलपूर्वक खींचा जिससे अर्चना बेहोश हो गई जिसके बाद अपने साथी शंकर साहू को मोबाइल पर कॉल कर घर बुलाया और दोनों मिलकर अचेत अवस्था में अर्चना को फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या कर दिये और घटना के बाद अर्चना द्वारा आत्मग्लानि वश ऐसा कदम उठाया गया है यह दिखाने अर्चना के मोबाइल से मैसेज किया गया।

आरोपी सुभाष भगत पिता सुधीर भगत 31 साल निवासी केसरा चौकी मनोरा जिला जशपुरनगर हाल कसैयाडीपा घरघोड़ा से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल, मृतिका का मोबाइल एवं आरोपी शंकर साहू पिता विधव साहू उम्र 23 साल निवासी नवापारा तमनार रोड़ घरघोड़ा से घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं मोटर सायकल का जप्त किया गया है। आरोपियों को हत्या के संबंध में थाना घरघोड़ा में दर्ज अप.क्र. 45/2022 धारा 302,109, 120(B), 201, 34 IPC के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। मृतिका के परिजनों द्वारा आरोपियों के गिरफ्तारी पर घरघोड़ा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है। अंधे कत्ल के पर्दाफाश एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह, उप निरीक्षक एडमोन खेस, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, आरक्षक बीरबल भगत, नंद कुमार पैंकरा, नरेन्द्र कुमार पैंकरा की अहम भूमिका रही है।



## ओलावृष्टि और जोरदार आंधी के कारण सब्जियों की फसल हुई चौपट

**जशपुर (आरएनएस)।** जशपुर जिले के पाठ क्षेत्र में जिस प्रकार से प्राकृतिक के साथ लागातार छेड़छाड़ किया जा रहा है।हर रोज हजारों जिंदा पेड़ों का बली दिया जा रहा है।जिसके बाद अब प्राकृतिक ने भी अपना रौद्र रूप दिखाया है।आपको बता दें कि जिले के पाठ क्षेत्र में अचानक से आज शाम करीब 7 बजे से 8 बजे के बीच भारी आंधी तूफान के साथ साथ खूब ओलावृष्टि हैं।

बताया जा रहा है कि इस ओलावृष्टि से हजारों छोटे बड़े किसानों को भी भारी नुकशान होने की बातें सामने आ रही है।बताया जा रहा है कि इस ओलावृष्टि से क्षेत्र में लगाई गई सारी फसलें मीर्च,टमाटर,लौटना,सरसों जैसे फसल पूरी तरह चौपट हो गयी है।जिससे किसान की पूरी जमा पूंजी भी बर्बाद हो गयी है।बताया जा रहा है कि अगर समय पर ओलावृष्टि निहि रुकती है तो किसानों को खाने के भी लाले पडऩे लगेंगे।आपको यह भी बता दें कि क्षेत्र में हजारों किसान ऐसे हैं जो व्यापारियों से कर्ज लेकर फसल की तैयारी करते हैं।वहीं सन्ना क्षेत्र के मरंगीपाठ गांव से खबर यह आ रही है कि वहां के भी सैकड़ों किसानोँ का फसल पूरी तरह चौपट हो गया है।बहरहाल इस आंधी तूफान और ओलावृष्टि से कितना मात्रा में किसानों को नुकसान हुआ है अभी इसका पूरा तरह आंकड़ा लगाना सम्भव नही है।

## प्रबंध संचालक आसना ने रायगढ़ के बीजीय मसाला फसलों एवं हल्दी के विभिन्न किस्मों को देखा



**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र व कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ के प्रक्षेत्र पर बीजीय मसाला फसलों एवं हल्दी के विभिन्न किस्मों के नाभिकीय एवं प्रजनक बीजोत्पादन कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ए.बी.आसना प्रबंध संचालक राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्थाए छग शासन रायपुर, सी.पी.सिंह बीज परीक्षण अधिकारी, जेम्स मींज बीज प्रमाणीकरण अधिकारी एवं प्रीतम बघेल सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने बीजोत्पादन कार्यक्रम के विभिन्न चरणों की प्रशंसा की।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह एवं प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.श्रीमती मनीषा चौधरी उपस्थित थे। साथ ही साथ कृषि महाविद्यालय के डॉ. सांवरगांवकर, एस.एल.ए पादप प्रजनक वैज्ञानिक, एस.के.पैंकरा, सहायक प्राध्यापक एवं प्रक्षेत्र प्रभारी, कृषि विज्ञान केंद्र के कलेश कुमार पैंकरा, डॉ एन.सी.बंजारा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, नीलकमल पटेल, प्रक्षेत्र प्रबंधक उपस्थित रहें। प्रयागराज गुप्ता, प्रयोगशाला तकनीशियन ने निरीक्षण कार्य में सहयोग किया।

## शहर के मध्य पूछापारा में 50 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

- अवैध शराब के विरुद्ध कोतवाली पुलिस की लगातार दूसरे दिन कार्रवाई



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर कोतवाली टीआई मनीष नागर के नेतृत्व में लगातार दूसरे दिन अवैध शराब पर कार्रवाई की गई है। कल दिनांक 24.02.2022 को लाखा जंगल पर शराब बिक्री कर रहे आरोपी को 40 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़े गये आरोपी को रिमांड पर भेजा गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 25.02.2022 के सुबह थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से सूचना मिली सूचना पर पूछापारा में कोतवाली पुलिस द्वारा रेड कार्रवाई किया गया है। टीआई नागर को सूचना मिली थी कि पूछापारा इंदिरानगर प्राईमरी स्कूल के पीछे दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं, सूचना पर थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ पूछपारा जाकर शराब रेड कार्रवाई किया गया। एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गया, मौके पर कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को महुआ शराब बिक्री करते पकड़ा गया जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम शामधीन उर्फ श्यामधीन लहरे पिता बुधराम लहरे उम्र 40 साल निवासी पूछापारा थाना कोतवाली बताया और भागने वाले को अपना साथी सुनील सोनी पिता सैलू सोनी निवासी पूछापारा बताया। आरोपी शामधीन उर्फ श्यामधीन लहरे के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब कीमती 15,000/- रूपये तथा बिक्री रकम ₹50 पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। आरोपी शामधीन उर्फ श्यामधीन लहरे एवं सुनील सोनी के विरूद्ध थाना कोतवाली धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। फरार आरोपी की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

शराब रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष नागर के हमराह रहे प्रधान आरक्षक सुमन चौहान हेमन पात्रे, आरक्षक उत्तम सारथी, मनोज पटनायक, पुष्पेन्द्र जाटवर, रूपराम साहू की अहम भूमिका रही है।

## कक्षा नवमी से बारहवीं तक गणित और विज्ञान ओलंपियाड का हुआ आयोजन

- राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ ने जारी किए थे दिशा-निर्देश



**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ ने कक्षा नवमी से बारहवीं तक गणित और विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन 25 फरवरी को पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ कराये जाने के दिशा निर्देश जारी किये गए थे। जिले में आयोजित होने वाले गणित और विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा डाईओ आर.पी.आदित्य के निर्देशन व डीएमसी देवांगन के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिसमें एपीओ द्वय समग्र शिक्षा भुवनेश्वर पटेल व उक्त परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार की देखरेख में हुआ। गणित और विज्ञान के ओलंपियाड के आयोजन हेतु राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी निर्देश में कहा गया था कि कक्षा नवमी से बारहवीं तक उन शासकीय शालाओं के बच्चों को परीक्षा में शामिल किया जाना है जहां शालाओं की दर्ज संख्या 250 से अधिक होगी। राज्य कार्यालय के द्वारा रायगढ़ जिले के 40 शालाओं का चयन किया गया है, जिसमें कक्षा 9 वीं में 4821 विद्यार्थी, 10 वीं कक्षा में 5421, कक्षा 11 वीं 1766 एवं कक्षा 12 वीं में 1646 विद्यार्थियों को गणित एवं विज्ञान की ओलंपियाड परीक्षा में बैठने की पात्रता थी। राज्य कार्यालय के जारी निर्देश अनुसार परीक्षा हेतु जिन शालाओं के बच्चे परीक्षा में बैठेंगे उन सभी शालाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा। जिले के चयनित सभी 40 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उक्त सभी केन्द्रों में आज 25 फरवरी को कक्षा 09 से 12 वीं के सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन उसी शाला स्तर पर किया जाकर अंक तालिका तैयार कर संकुल समन्वयक के पास परीक्षा के एक दिन पश्चात जमा करना होगा तथा विद्यार्थियों को उनके प्राप्तांकों से अवगत कराना होगा। मूल्यांकन हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र में मॉडल आंसर उपलब्ध कराया गया है। उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन कर्ता को प्रति उत्तर पुस्तिका 50 पैसे की दर से पारिश्रमिक भुगतान किया जाएगा। संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा समस्त अंकतालिका को संकलित कर विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पास जमा करना होगा। 31 मार्च 2022 के पूर्व पीएमएफएस पोर्टल के माध्यम से राशि व्यय करना सुनिश्चित किया जाना है।

## बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो सोशल मीडिया में वायरल करने वाले 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर शहर के अलग-अलग थाना पुलिस ने बच्चों से संबंधित अश£ील विडियो सोशल मीडिया में वायरल करने वाले 5 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। रिपोर्ट शासन की ओर से दर्ज कराया गया है।

बताया गया कि आरोपी मोबाईल धारकों में क्रमश: फोन नंबर 6262235849 धारक शंभु प्रसाद सारथी, 9926971492 धारक अनुज उप्पल, 7987313247 धारक विश्वजीत पिता नरूसिंह पटनायक, 7389019876 धारक सौरभ मण्डल पिता शंकर कुमार, 8827876047 धारक सूरज कुमार पिता निरंजन एवं 7024894332 धारक मुकेश पिता बलराम द्वारा बच्चो से संबंधित अश£ील विडियो को विभिन्न सोशल मीडिया में वायरल किया है। इसकी जानकारी होने पर शासन की ओर से सभी आरोपी मोबाईल धारकों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कहीं धारा आई.टी. 67,67बी के तहत तो कहीं 67ए,67बी और कहीं 67,67ए के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीणों को मिली शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी



**रायगढ़।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार प्रसार के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा लैलूंगा के लारीपानी में एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे ग्राम सागरपाली निवासी लल्लू राम राठिया एवं ग्राम-कुंजारा निवासी खगेश्वर राठिया ने कहा कि धान के समर्थन मूल्य का लाभ मिला है। शासन द्वारा सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं संचालित की जा रही है प्रदर्शनी के माध्यम से विस्तृत जानकारी मिल रही है। अब हम इन योजनाओं का लाभ ले सकते है।

कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गयी है। सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, जल जीवन मिशन, सुराजी गांव, नरवा, गरवा घुरवा बाड़ी योजना, वनोपज संग्रहण, जलजीवन, छत्तीसगढ़ मॉडल, रोका छेका, धन्वंतरी, बिजली बिल हॉफ, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय, छत्तीसगढ़ महतारी दुलार, गोधन न्याय योजना आदि की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित बुकलेट, पम्पलेट, ब्रोशर एवं जन-मन पुस्तिका का नि:शुल्क वितरण किया गया।

## सुकमती ने शेड निर्माण कर किया बकरी पालन, लाभ मिला तो पति के लिए खरीदी नई मोटर सायकल



**रायगढ़।** ग्रामीण स्वरोजगार की दृष्टि से क्रियान्वित शासन की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है। इन योजनाओं के सफल संचालन के फलस्वरूप आज किसान और मजदूर वर्ग आर्थिक रूप से संबल हो रहे है। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीण अपनी पसंद का स्वरोजगार प्रारंभ कर अच्छी आय अर्जित कर रहे है। इसका सीधा प्रभाव उनके जीवन स्तर में देखने को मिल रहा है। इसकी एक बानगी देखने को मिली सुकमती के जीवन में, जिन्होंने शासन की योजना का लाभ लेकर बकरी शेड का निर्माण कर बकरी पालन किया और उससे मिले लाभ से उन्होंने अपने पति के लिए एक नई मोटर सायकल खरीदी।

शासन द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक सहायता भी मिल रही है। विकास खण्ड सांरगढ़ के ग्राम पंचायत चांटीपाली के आश्रित ग्राम रामभांठा निवासी सुकमती बचपन से ही गरीबी में पली-बढ़ी और विवाह के पश्चात घर चलाने में वह अपनी पति का आर्थिक सहयोग करती थी। उनके पास स्थायी आय का कोई जरिया नहीं था। फिर उन्होंने बकरी और भेड़ पालन शुरू किया और कम समय में ही व्यवसाय से अच्छा लाभ अर्जित हुआ। सुकमती इस व्यवसाय को व्यवस्थित रूप से संचालित कर अधिक लाभ अर्जित करना चाहती थी। इसी दौरान सुकमती ने महात्मा गांधी नरेगा योजना का लाभ लेते हुए 61 हजार 200 रुपये की लागत से बकरी शेड का निर्माण कराया। बकरी शेड बन जाने से सुकमती को बकरी पालन में सुविधा हुई एवं व्यवस्थित होने से इसका लाभ भी मिला। सुकमती ने बताया कि वर्तमान में उसके पास 55 बकरी व भेड़ है। उन्होंने 22 बकरी व भेड़ विक्रय कर 81 हजार रूपए की आर्थिक लाभ मात्र 6 माह में प्राप्त कर चुकी है। जिससे उसके जीवन स्तर में बदलाव आया है। इस व्यवसाय से अच्छा लाभ होने से सुकमती ने घर की सुविधा के लिए अपने पति के लिए नयी मोटर साइकल भी ले चुकी है। व्यवसाय से अच्छा लाभ देखकर अन्य ग्रामीण भी अपने ही घर में बकरी शेड का निर्माण कर स्वरोजगार से जुड़ रहे है। सुकमती द्वारा बताया गया कि हम ग्रामीणों के लिए महात्मा गांधी नरेगा बहुत लाभकारी साबित हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480